हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर
4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### अध्यक्ष व पार्षदों ने किया विरोध, पीआईसी में प्रस्ताव निरस्त

# तीन-चार गुनी दर पर स्वच्छता सामग्री खरीदने की तैयारी

## शिवरीनारायण नपं में अधिकारी व जनप्रतिनिधि आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के नगर पंचायत में स्वच्छता सामग्री खरीदी को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। बताया जाता है कि अफसरों ने यहां जैम पोर्टल के माध्यम से स्वच्छता सामग्री खरीदी करने की पूरी तैयारी कर ली है, जिसमें सामानों की कीमत बाजार भाव से तीन और चार गुना अधिक है। पी आई सी की बैठक में अध्यक्ष सहित पार्षदों ने इसका पुरजोर विरोध किया और उक्त प्रस्ताव को निरस्त करने का प्रस्ताव किया है। खास बात यह है कि इसके बाद भी अधिकारी उसी दर पर सामान खरीदने की तैयारी में है, और इसके लिए अब भी उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन मांगने की बात कही जा रही है।

नगर पंचायत शिवरीनारायण को शासन द्वारा 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत टाईट ग्रांट मद ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के अंतर्गत 27.39 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं,जिसमें सफाई सामग्री के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से दर मंगाया गया था। बताया जाता है कि सफाई सामग्रियों में स्टील डस्टबिन,व्हील बैरों,ई रिक्शा,ऑटो टीपर, ट्रेक्टर ट्राली की खरीदी करने का प्रस्ताव किया गया हैं, परंतु इन सभी स्वच्छता सामग्रियो किधर पर नजर डाली जाए तो इनकी कीमत बाजार दर से तीन और चार गुना तक अधिक है। बाजार में बम मुश्किल 4-5 हजार में मिलने वाले साधारण स्टील के डस्टबिन की कीमत यहां 24 हजार रुपए बताई जा रही है इसी प्रकार कई सामानों की आवश्यकता नहीं है बावजूद इसके उसे खरीदी करने की योजना है इनमें ऑटो टीपर नगर पंचायत में पहले से ही मौजूद हैं।इसके बाद भी इसकी खरीदी की जा रही हैं।नगर पंचायत शिवरीनारायण में तीन ट्रैक्टर ट्राली होने के बाद भी एक नग ट्राली खरीदने की मांग की गई हैं। वहीं हाल ई रिक्शा का है,पंचायत में पहले से ही 6 नग ई रिक्शा उपलब्ध हैं।इसके बाद भी ई रिक्शा की खरीदारी करने का प्लान बनाया गया हैं। व्हील बैरों का बाजार मूल्य प्रति नग पांच हजार रुपए हैं, जिसे प्रति नग पंद्रह हजार में खरीदने की तैयारी हो रही हैं। बताया जाता है कि इस तरह के प्रस्ताव को देखकर पाक की बैठक में अध्यक्ष और पार्षदों ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। इसके बाद उक्त सामानों की खरीदी के प्रस्ताव को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। बताया जाता है कि पाक की बैठक में उक्त खरीदी प्रस्ताव को निरस्त करने का निर्णय लिए जाने के बावजूद नगर पंचायत के अधिकारी उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांग कर उक्त सामानों को खरीदने की तैयारी में लगे हुए हैं इसको लेकर आप शिकवा शिकायत और आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कुल मिलाकर कारण चाहे जो भी हो, लेकिन नगर पंचायत शिवरीनारायण में मनमाने कीमत पर स्वच्छता सामग्री खरीदने की हो रही तैयारी और इसके विरोध को लेकर एकजुट अध्यक्ष और पार्षदों के साथ अधिकारी आमने-सामने हो गए हैं।




### बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दामों पर खरीदी का विरोध

अध्यक्ष राहुल थवाईत का आरोप है कि स्वच्छता सामग्री खरीदी काजू प्रस्ताव आया था, उसमें कीमत में भारी अंतर है सभी सामानों की कीमत बाजार भाव से कई गुना अधिक है इसका विरोध किया गया है। बाजार मूल्य के अनुसार खरीदी करने पर लाखों की बचत होगी। बावजूद इसके सीएमओ नियमों को ताक में रखकर समान खरीदने को आतुर दिख रहे हैं। इसी प्रकार उन्होंने 10 फरवरी को ठेकेदारों को हुए पेमेंट पर भी सवाल उठाए हैं,जिसमें 3 लाख रुपए से 10 नग ऑफिस टेबल खरीदे गए हैं, जबकि नगर पंचायत में 10 फरवरी तक 1भी टेबल नहीं आया है। वही तीन वाटर कुलर के लिए 3 लाख का पेमेंट किया गया हैं, जबकि वाटर कुलर की कीमत मार्केट से तीन गुना ज्यादा है। अध्यक्ष का कहना है कि चुनाव से एक दिन पहले 10 फरवरी को पेमेंट किया गया हैं। जिसकी जांच होनी चाहिए।

### सभी आरोप निराधार

पूर्व परिषद की बैठक से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर नियमों के तहत स्वच्छता सामग्री क्रय करने का प्रस्ताव राज्य कार्यालय को भेजा गया हैं। समान खरीदी के लिए राज्य कार्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद ही खरीदी की प्रकिया अपनाई जा रही थी। वर्तमान परिषद द्वारा स्वच्छता सामग्रियों की खरीदी को निरस्त करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसे उच्च कार्यालय को अवगत करा दिया गया है।

-राकेश साहू ,
सीएमओ, नपं शिवरीनारायण


हरदी में डायरिया प्रभावित लोगों का हालचाल पूछते सीएमएचओ मनोज बर्मन।

# जिले में डायरिया से अब तक 50 से अधिक लोग प्रभावित

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी का लिया सेंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जलजनित बीमारी डायरिया जिले में अपना पैर पसार रहा है। खासकर खरौद, हरदी व कुथूर को मिलाकर 54 से अधिक लोग डायरिया प्रभावित पाए गए है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पानी का सेंपल ले रही है। वहीं लोगों को साफ पानी पीने की हिदायत दी जा रही है।

गौरतलब है कि जिले के कई क्षेत्रो में इन दिनो डायरिया का कहर बढता ही जा रहा है। पहले मामला नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुथुर में सामने आया जहां करीब दर्जन भर से भी अधिक लोग डायरिया प्रभावित पाए गए। जिसके बाद गांव मे स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित लोगो का इलाज किया गया। नगर पंचायत खरौद में 24 लोगो की पहचान की गई। इस बीच गांव में शिविर लगाकर प्रभावित लोगो का उपचार किया गया। इसके बाद अकलतरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदी में भी डायरिया से प्रभावित करीब 18 लोगो की जांच पडताल स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा किया गया। इस बीच जांच के उपरांत 16 लोगो को अस्पताल से छुटटी दे दी गई। वही 2 लोगो को उनकी स्थिती को देखते हुए हरदी के उप स्वास्थय केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो पिछले सप्ताह भर के भीतर डायरिया से करीब 54 लोगो के प्रभावित होने की जानकारियां सामने आई है। हालांकि मामला सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग एवं उनकी टीम द्वारा प्रभावित गांवों का निरीक्षण करके गांव के हैण्डपंप, नलकूप की जांच कराई जा रही है। साथ ही साथ नलकूप के आसपास डीटीटी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

### दिए है निर्देश

जहां जहां डायरिया से प्रभावित मामले सामने आ रहे है। वहां स्वास्थय विभाग की टीम के द्वारा पहुंचकर लोगो के स्वास्थय की जानकारी लेकर शिविर लगाया जा रहा है। मरीजो के बेहतर उपचार को लेकर सभी अस्पताल प्रमुखो को निर्देशित किया गया है।

-मनोज बर्मन,
सीएमएचओ, जांजगीर चांपा

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ चक्का जाम आज

**जांजगीर-चांपा।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के दमनकारी नीतियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी मंगलवार 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अकलतरा चौक राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में चक्का जाम आयोजित की गई है। कार्यक्रम में व्यास कश्यप कार्यक्रम प्रभारी व विधायक जांजगीर - चांपा, राघवेंद्र कुमार सिंह जिलाध्यक्ष व विधायक अकलतरा, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, रमेश पैगवार कार्यकारी जिलाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 30 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत धुरकोट के ऑगनबाडी केन्द्र 6 में ऑगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर ने बताया कि ग्राम पंचायत धुरकोट के ऑगनबाडी केन्द्र 6 में सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप उक्त ग्राम के 8 वीं उत्तीर्ण तथा 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक महिला अभ्यर्थी 30 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह में आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस में सीधे जमा कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### एक राय होकर मारपीट करने वाले फरार 4 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बम्हनीन में एक राय होकर मारपीट करने वाले फरार चार आरोपियों को पकड़ने में अकलतरा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली की कि 14 जुलाई को मंदिर चौक बम्हनीन में गांव के लोग डीजे बाजा बजाकर नाच रहे थे जहां से राजकुमार ओग्रे गुजरे तो उसका कपडा को गांव का सोनू कुमार उर्फ मोनू कुर्रे ने फाड दिया। सोनू कुमार उर्फ मोनू कुर्रे एवं उसके साथियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा 296,115(2),351(2),3(5),118(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। सोनू कुमार ऊर्फ मोनू कुर्रे उम्र 25 वर्ष निवासी कोटगढ,सोमू भारती ऊर्फ समीर उम्र 22 वर्ष निवासी बम्हनीन, सेम भारती उर्फ सलीम उम्र 19 वर्ष निवासी बम्हनीन एवं अभिषेक कश्यप उर्फ मिन्टू उम्र 20 वर्ष निवासी कटनई को पकड़ा, जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### वर्षा ऋतु में 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

## दो दिनों से लापता युवक का कुंए में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस


युवक के शव को बाहर निकालते डीडीआरएफ की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव उसके ही घर के कुंए में संदिग्ध हालत में तैरता मिली। मृतक की पहचान संतोष यादव के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से लापता था।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर ब्लॉक के करही गांव में कुएं में युवक की लाश मिली है। घटना की सूचना के बाद बिर्रा पुलिस और जांजगीर डीडीआरएफ की टीम पहुंची है। हालत देखकर नहाते वक्त कुएं में गिरने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद युवक की मौत का खुलासा हो पाएगा। संतोष यादव का घर उसके घर में ही है। संतोष यादव की कुएं में गिरने की सूचना बिर्रा पुलिस और जांजगीर डीडीआरएफ की टीम को दी गई थी। इसके बाद डीडीआरएफ की टीम अशोक पाण्डेय, जयप्रसाद, बृजेश पटेल, कृष्ष कुमार साहू, पहुंचे और रेस्क्यू किया, तब तक युवक की मौत हो गई थी। बिर्रा पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पीएम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन जिस तरह के हालात हैं। उससे नहाते वक्त युवक की कुएं में गिरने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामले में बिर्रा पुलिस जांच कर रही है।

### पत्नी को ले जाने से रोकने पर दामाद ने सास को पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** रात में घर के अंदर घुसकर सास से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी दामाद को थाना बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सूरज गोस्वामी उर्फ सोनू 25 वर्ष द्वारा 26 जून को रात लगभग 12:30 बजे शराब के नशे में अपने ससुराल बलौदा पहुंचा और घर दरवाजा जोर-जोर से खटखटाने लगा। आवाज सुनकर आरोपी की सास पीड़िता फुलेश्वरी गोस्वामी ने दरवाजा खोला तभी सूरज अपनी पत्नी और बच्चे को रात में ही अपने साथ घर ले जाने लगा। सास ने सुबह ले जाना कहकर मना किया तो आरोपी गुस्से में अपनी सास को अश्लील गाली गलौच करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और सास की हांथ की उंगली और कलाई को दांत से काट दिया। रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध 295, 351(2), 115(2),118(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी सूरज बन गोस्वामी उर्फ सोनू को उसके घर ग्राम लिम्हा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर से पकड़कर हिरासत में लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## अलग-अलग जगहों पर सुने घरों में चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अकलतरा क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर सुने घरो में चोरी करने वाले आरोपियों को पकडने में पुलिस को सफलता मिली है। थाना अकलतरा क्षेत्रांतर्गत होने वाले चोरी को अकुंश लगाने के लिए अज्ञात आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरसी थाना- पामगढ़ के दीपक टण्डन का किसी अन्य से मल्हार शराब भट्टी से शराब पीते समय दोस्ती हुआ था। शराब पीते समय दीपक टण्डन और अनुज टण्डन उसके अन्य साथी ग्राम ससहा के दारू भट्टी व पामगढ़ के किराना दुकान में चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुके थे जो जमानत पर आए थे। आरोपी उनके साथ माह जून 2023 में तीनों थाना सरकडा एवं सीपत अंतर्गत चार दुकानों में चोरी किए थे। 30 जनवरी 2024 को जेल से छूटा, पहले से उनके अन्य साथी का जमानत हो गया था। अकलतरा क्षेत्र में बीते मार्च महीने में एक घर में ताला लगा हुआ देखा तो अपने पास रखे थैले में ताला तोडने वाला रॉड, कटर, पेचकश व दरवाजा व ताला अदासने के लिए लोहे एगल से ताला व दरवाजा कुंडी को तोडकर घर में घुसकर आलमारी में रखा सोने चांदी के जेवरात व नकदी रकम को चोरी करना बताये थाना अकलतरा मे एंव 91/25 धारा धारा 331(4),305(अ) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया एंव आरोपी दीपक टंडन निवासी कोसीर थाना पामगढ का अपराध जिला महासमुंद के अपराध मे सलिप्त होने से महासमुंद पुलिस को सुपुर्द किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, सउनि राजेन्द्र सिह क्षत्रिय,अशोक कश्यप आरक्षक गौकरण राय, भूषण राठौर जिला सायबर सेल टीम का योगदान रहा।

### खरीफ फसल के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आगामी खरीफ फसल हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस हेतु 390 ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां जियो-रेफरेंसिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इन ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाएगा। उक्त सर्वे हेतु प्रत्येक चयनित ग्राम में 20-20 सर्वेयरों का चयन किया जाना है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



घर घुसकर महिला से छेड़छाड करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकडकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ब्यासनगर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को श्रीराम यादव उम्र 30 द्वारा एक महिला से सूनेपन का फायदा उठाकर बेइज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पी ड़ि ता चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा 74, 333 बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी श्रीराम यादव निवासी व्यासनगर थाना पामगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, सउनि सरोज पाटले, महिला प्रधान, आरक्षक मंजू सिंह आरक्षक यशवंत पाटले एवं थाना पामगढ़ स्टाफ का योगदान रहा।

### दो दिनों के भीतर व्यवस्था नहीं बनाने पर बीईओ कार्यालय का करेंगे घेराव

# शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, अभिभावक पहुंचे एसडीएम दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



एसडीएम दफ्तर पहुंचे अभिभावक।

ब्लाक मुख्यालय मालखरौदा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। इसे लेकर अभिभावक एसडीएम दफ्तर पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में पहल करने की मांग की। साथ ही साथ कहा गया है कि दो दिनों के भीतर व्यवस्था नही बनाने पर बीईओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रदेश में चले युक्तियुक्तकरण के फलस्वरूप ब्लॉक मुख्यालय मालखरौदा केशासकीय प्राथमिक शाला (अंग्रेजी माध्यम) मालखरौदा एकल शिक्षकीय है तथा उक्त शिक्षक अन्यत्र संलग्न है जिसके कारण शाला शिक्षक विहीन हो गया है और यहाँ नवीन भर्ती तथा कक्षा संचालन नहीं हो रहा है। ज्ञापन में इनके द्वारा अवगत कराया गया है कि स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय मालखरौदा से संलग्नीकरण समाप्त हो जाने के कारण विद्यालय में शिक्षक की कमी हो गई है, जिससे यहाँ शिक्षा व्यवस्था पूर्णतः चरमरा गई है। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक हिन्दी माध्यम शाला मालखरौदा भी पूर्णतः शिक्षक विहीन हो गया है। जिस कारण स्कूल में ताला बंद है और यदि बच्चे आते है तो तालाबंदी के कारण भटक के वापस घर चल देते हैं, तो यहाँ अंकसूची वितरण, नवीन भर्ती, शाला संचालन, मध्यान्ह भोजन पूर्णतः रुका हुआ है। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भर्ती ना होने के कारण संकुल से 5 वी पास बच्चे तथा निजी स्कूलों से आने वाले एवं छात्रावास में दाखिल होने वाले बच्चे 3-4 किमी दूर जाने को मजबूर हैं। उक्त समस्या के संबंध में ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारियों को अनेक बार लिखित एवं मौखिक सूचना भी दी जा चुकी है। ऐसे में इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई है। साथ ही यदि 2 कार्यालयीन दिवस के भीतर निराकरण नहीं होता है ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव करने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह, मोहन मणि जाटवर, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पालक पहुंचे थे।

## कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर, 7 लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मारूति इको वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार लोगों को ठोकर मार दी। घटना में 7 लोग गंभीर रूप से धायल हो गए। इनमें से 5 की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना अकलतरा थाने की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 21 जुलाई की है। बिलासपुर से अकलतरा की ओर आ रही मारूति इको क्रमांक सीजी 11 बीएल 6724 के चालक गजाधर साहू ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन अलग अलग बाइक सवार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में 7 लोग गंभीर रूप से धायल हो गए। घायलों में भागीरथी केंवट, शुभम यादव, विनोद कुमार, सागरदास सहित अन्य लोग शामिल है। इनमें से 5 की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हे उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। बाकी दो घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों ने विरोध-प्रदर्शन कर किया ईडी का पुतला दहन



**हसौद।** केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा केंद्र व राज्य के भाजपा सरकार के दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में सुरेन्द्र भार्गव प्रदेश सचिव कांग्रेस के नेतृत्व में केन्द्रीय जांच एजेंसी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में कुशल कश्यप अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद, भोजराम हरवंश महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, मधुसूदन साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, हरिलाल खटर्जी सचिव जिला कांग्रेस दादूराम सोनवानी संयुक्त सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, सतीश महेश प्रदेश महामंत्री इंटक कांग्रेस,विजय चंद्रा अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस सक्ति,किशोर चंद्रा अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस हसौद, ओमप्रकाश बर्मन विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, मोहन धिरहे, कृष्णा पटेल, राजेश खूंटे, भुवन जांगड़े, सुभान खान, सुखराम जायसवाल, रामकृष्ण घृतलहरे,संजय कोशले, सजन यादव, सत्यम टंडन, समीर भारद्वाज, निखिल जाटवर,मनोज पटेल, नवीन जाटवर, रवि भारद्वाज, राज नाविक, अर्जुन महेश व कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने लगाए फलदार पौधे, संगोष्ठी का किया आयोजन



**चांपा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा बिर्रा रोड चांपा स्थित अनंता सिटी में वृहद फलदार पौधे का रोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता सहित क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ काशी प्रसाद राठौर, लायन डॉ संतोष कुमार अग्रवाल , लायन डॉ घनश्याम दुबे, लायन बैजनाथ देवांगन , लायन बजरंग लाल अग्रवाल, लायन डॉ वाई के शर्मा, लायन नंदकुमार देवांगन,लायन खूबचंद देवांगन, लायन विनोद अग्रवाल, क्लब कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन उपस्थित थे। अनंता सिटी के ओनर आशीष गोयल के साथ दिनेश बरेठ, रमेश बरेठ ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया ।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**जांजगीर-चांपा।** मंगलवार 22 जुलाई को विषेश हनुमत दर्शन महायोग है। इस दिन दक्षिणमुखी



हनुमान मंदिर में शाम 7 बजे सिंदूराभिषेक, शाम 7:30 बजे हनुमान जी की महा आरती होगी तथा रात्रि 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। सावन मास के चार मंगलवार भगवान भोलेनाथ महादेव के ग्यारहों रुद्र के अवतारी रामभक्त हनुमान की 22 जुलाई , 29 जुलाई एवं 5 अगस्त को पड़ने वाले मंगलवार को विषेश हनुमत दर्शन महायोग होगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा बताया कि 22 जुलाई दुसरा मंगलवार को हनुमान जी के इस विषेश हनुमत दर्शन महायोग के अवसर पर हनुमान जी को चोला वंदन सेन्दुर अर्पण करें हनुमान जी को भीगे चना एवं रोट चुरमा का प्रसाद अर्पण करें।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों को गणवेश का वितरण



**खरौद।** ग्राम पंचायत रिगनी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 53 विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप, वरिष्ठ नागरिक बहरता लाल कश्यप और पत्रकार मेलाराम कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों के हाथों विद्यार्थियों को कपड़े के दो सेट गणवेश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि शिक्षा वह पूंजी है जो किसी से छीनी नहीं जाती और ना ही बांटी जाती है। यह जीवन का सबसे बड़ा धन है, जो व्यक्ति को आगे बढ़ने की राह दिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने, मेहनत से पढ़ाई करने और संस्कारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक नवीन चंद्र शर्मा ने भी संबोधित किय। कार्यक्रम में शिक्षक राजेन्द्र कुमार साहू, गोवर्धन कुर्रे सहित विद्यालय के्त शिक्षकगण, पालकगण और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में कार्यों की समीक्षा, सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाह ठेकेदारों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार 21 जुलाई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समय-सीमा में कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईकोर्ट एवं अन्य न्यायालयों में प्रकरणों का समय पर एवं गंभीरता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि यदि स्कूल या आंगनबाड़ी तक जाने वाले रास्तों में कोई तालाब, नाला या जलभराव क्षेत्र स्थित हो, तो ग्रामवार चिन्हांकन कर ऐसे स्थलों की जानकारी संकलित कर चेतावनी बोर्ड लगाएं व दीवार लेखन द्वारा जनजागरूकता फैलाएं, ताकि किसी भी घटना की आशंका को रोका जा सके। इसके लिए मुनादी कर ग्रामीणों एवं परिजनों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा अंतर्गत निर्मित तालाबों एवं गहरीकरण कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत उन्हें सुरक्षित रूप से निस्तारी उपयोग में लाने, जलभराव की स्थिति में खतरे के चिन्ह लगाने एवं अन्य सुरक्षा उपाय किए जाएं। कलेक्टर ने स्कूलों व आंगनबाड़ी भवन परिसर में बारिश के कारण पानी भरने या आवागमन में बाधा की शिकायत प्राप्त होने पर वहां शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने स्कूल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बच्चों की उपस्थिति, भवन की स्थिति, गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति योजनाओं की स्थिति की वस्तुस्थिति को देखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सभी कार्यालयों में फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाना है। उन्होंने ई-ऑफिस की क्रियान्वयन के संबंध में सभी विभागों को निर्देशित कर कहा कि ई-ऑफिस से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने दिव्यांगता जांच शिविर लगाने के निर्देश समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग के समन्वय से आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों से आवारा मवेशियों को तत्काल सड़को से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग, सीईओ जनपद, सीएमओ, सहित संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों के सड़क पर बैठने वाले चिन्हित स्थलों की पहचान कर वहां से हटाने और गौशाला व कांजी हाऊस पहुंचाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मवेशियों के मालिकों को पशु सौंपने और निर्धारित जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### किसानों को खाद-बीज के लिए नहीं होनी चाहिए दिक्कत

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण रखें और किसानों की मांग पर वितरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक खाद-बीज के लिए दिक्कत नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एग्रीस्टैक में शत प्रतिशत किसानों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 92 आवेदन

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 21 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 92 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी प्रदीप राठौर ने राजस्व प्रकरण में एक माह से अधिक समय अवधि होने के बाद भी आदेश पारित नहीं होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम जांजगीर को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील बलौदा के ग्राम खैजा निवासी द्वारिका प्रसाद ने नामांतरण प्रकरण की प्रतिलिपि प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने तहसीलदार बलौदा को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। तहसील बलौदा निवासी धनीराम यादव ने निराश्रित पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक जांच करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में आर्थिक सहायता, राशन कार्ड, पीएम आवास सहित अन्य विषयों से संबंधित 92 आवेदन प्राप्त हुए।




## आरसेटी बाजार में खूब बिक्री हुई बिहान समूहों की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय जिले के बिहान की महिलाओ के अलावा सक्ती और कोरबा तीन जिले के बिहान की दीदियों ने अपने उत्पादों के साथ शामिल हुए। आरसेटी बाजार का शुभारम्भ संस्थान के फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय ने किया।

■ अपने उत्पाद के साथ तीन जिले के बिहान की महिलाएं हुई शामिल

आरसेटी बाजार में शामिल बलौदा ब्लॉक के कुरदा कलस्टर अंतर्गत ग्राम बहेराडीह, जाटा के पशु सखी पुष्पा यादव ने बताया कि उन्होंने ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दो साल पहले सब्जी खेती और नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण लीं हैं। प्रशिक्षण उपरांत साग भाजी और फल फूल के अवशेष से तैयार विभिन्न प्रकार की जैविक खाद, केला, अलसी, भिंडी, अमारी भाजी, चेच भाजी और कमल फूल के रेशे से बनाई गई रंग बिरंगी हर्बल राखी, कपड़ा, बेग तथा देशी बीजो को विक्रय हेतु वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के टीम के साथ शामिल हुई। सक्ती जिले के पलाड़ीकला के बिहान की एफएलसीआरपी पुष्पा साहू ने बताया कि उन्होंने आरसेटी से सालभर पहले कृषि उद्यमी की प्रशिक्षण लीं हैं। प्रशिक्षण पश्चात कृषि क्षेत्र में कई प्रकार की आजीविका गतिविधियों का संचालन करके आमदनी लें रहीं हैं। आरसेटी बाजार में उन्होंने हर्बल राखी का विक्रय हेतू स्टॉल लगाई। इसी तरह नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुकली निवासी नंदनी बघेल ने बताया कि आरसेटी ने उनके गांव में सब्जी खेती और नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण लीं हैं। प्रशिक्षण के बाद वे अपने परिवार के लिए जैविक पद्धति से साग भाजी, फल फूल की खेती करतीं हैं। वे इस समय धान से रंग बिरंगी आकर्षक राखिया बना रहीं हैं, जिसकी आरसेटी बाजार में खूब विक्रय हुई। आचार पापड़ और मसाला पावडर निर्माण प्रशिक्षण लेने के बाद बम्हनीडीह ब्लॉक के परसापाली की सविता पटेल ने कई प्रकार की उत्पाद बनाकर आय अर्जित कर रहीं हैं। किसान स्कूल टीम से जुड़े मोहन लाल साहू, हेमलता साहू, कृष्ण कुमार कौशिक ने आरसेटी बाजार में डीटर्जेन्ट पावडर,हर्बल साबुन, फिनाइल, अगरबत्ती तथा बास से निर्मित आकर्षक चीजों की खूब बिक्रय हुई। आरसेटी बाजार को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के मास्टर ट्रेनर व असेसर एस एस ठाकुर समेत दीनदयाल यादव, पूजा विश्वकर्मा, मिथलेश्वरी, योगेश कुमार यादव, दाताराम कश्यप, बंशीलाल यादव का सराहनीय योगदान रहा।



पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ।

## प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद


पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में इको क्लब – मिशन लाइफ के अंतर्गत 19 जुलाई को "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं के छात्रगण अपनी माताओं के साथ विद्यालय परिसर में उपस्थित हुए और मिलकर एक-एक पौधा रोपित किया।

■ नवोदय विद्यालय में लगाए गए 100 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं था, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध को भी उजागर करना था। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, एवं पूर्व छात्रों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक प्राचार्य डी. के. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में वृक्षारोपण को जीवन रक्षा की मूल शर्त बताते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सबका नैतिक दायित्व है और यह कार्य परिवार के साथ किया जाए तो यह एक संस्कार बन जाता है। वहीं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं इको क्लब प्रभारी श्री कृष्ण कुमार पटेल ने मिशन लाइफ के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के अभियान न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं, बल्कि छात्रों में संवेदनशीलता, सहभागिता और जागरूकता भी पैदा करते हैं। विद्यालय परिसर में सौ से अधिक पौधे रोपे गए, जिनमें अधिकांश फलदार व छायादार प्रजातियां थीं। इस कार्य में संभागीय वन अधिकारी हिमांशु डोंगरे द्वारा प्रदत्त पौधों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. एस. के. कश्यप, आर. पी. तिवारी श्रीमती झरना देवांगन एवं अमर राहूजा के मार्गदर्शन में हुआ।

### ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर में 19 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। एक पेड़ मां के नाम को समर्पित करते हुए विद्यालय के कक्षा - 1 से लेकर 12 वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कक्षा कैप्टन एवं वाइस कैप्टन ने पौधारोपण करते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उन्हें नियमित रूप से संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी ली। प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए उपहार है। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, कर्तव्यनिष्ठा, और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। विद्यालय परिसर हरे-भरे पौधों से सज गया, जिससे वहां एक सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। आओ मिलकर पेड़ लगाएं, धरती को हरा-भरा बनाएं। पौधारोपण में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, कार्यालय स्टाफ, वाहन चालक एवं दीदीयों की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण रही।



## ग्रीन डे पर पौधरोपण के साथ हुई विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एलिगेंट पब्लिक स्कूल बिर्रा रोड चांपा में 'ग्रीन डे' का आयोजन रचनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर हरियाली और प्रकृति संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय के प्राचार्य विश्वजीत रथ एवं एच.आर. श्रीमती सारिका अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में की गई। एलेगेंट वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष विक्की मनवानी एवं सदस्यगण,अनिल सोनी, प्रकाश अग्रवाल, अंशुल श्रीवास्तव, ध्रुव मेहर, नागेन्द्र गुप्ता एवं विवेक शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख शिक्षकों में रजनी तिवारी, सुनीता बरेठ, चंद्रिका साहू, सोनाली शाह, अंतरा कर्ष, ज्योति शर्मा, ज्योति सोनी, प्रगति पांडे, मनीषा पटेल, भूमिका पटेल, अंजली केंवट, श्वेता साहू एवं शिवम सोनी शामिल रहे। बच्चों के लिए विशेष रूप से 'फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता', 'ड्राइंग', 'निबंध लेखन' एवं 'कविता लेखन' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत रचनात्मकता और उत्साह के साथ भाग लिया। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने पेड़, फूल, धरती माता, जल, पक्षी, आदि का रूप धारण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। वहीं ड्राइंग, कविता व निबंध के माध्यम से बच्चों ने अपने विचारों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने "पेड़ लगाओ – जीवन बचाओ", "धरती को हरियाली से सजाओ" जैसे नारों के साथ रैली निकालकर जन-जागरूकता का संदेश दिया और स्कूल परिसर में सामूहिक पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के समापन पर 'एलिगेंट परिवार' ने यह संकल्प लिया कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। हर पौधा एक जीवन है, और हर छोटा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य तैयार कर सकता है। यह आयोजन न केवल शैक्षिक था, बल्कि बच्चों में नैतिक जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति प्रेम का भाव जागृत करने वाला सिद्ध हुआ।



उपस्थित शिक्षक एवं अन्य।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ


डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच



राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसेल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

21 JULY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 7/21/2025 8:11 PM Page 1





# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

लाइफ Style

# उर्फी


## पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।' उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार' आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।



हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर' के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

**नई दिल्ली।** कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।




# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार 1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।



**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

## पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनी हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।

**खबर संक्षेप**

## कंजी नाला पर बनेगा पुल 4 करोड़ 28 लाख स्वीकृत



**गोधना।** कुरियारी-बेल्हा मार्ग के बीच बहने वाले कंजी नाला पर अब पक्की पुलिया बनेगी। शासन ने इसके लिए 4 करोड़ 28 लाख 55 हजार रुपये की मंजूरी दे दी है। पुल बनने से कुरियारी और बेल्हा के बीच सीधा संपर्क तो बनेगा ही, साथ ही गोधना, कुकदा, रिंगनी, सलखन, पोड़ी, राछा, तुस्मा, मुड़पार सहित आसपास के दर्जनभर गांवों के लोगों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। अभी बरसात में नाला उफान पर आने से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को काफी परेशानी होती थी।ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। लोक निर्माण विभाग जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करेगा। जनप्रतिनिधियों ने पुलिया निर्माण को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया है। इससे विकास को भी नई गति मिलेगी। बताया जाता है कि प्रशासकीय स्वीकृति 16 जुलाई को मिली है। अब पुल निर्माण के लिए सर्वे होगा। इसके बाद ड्राइंग व डिजाइन तैयार कर सक्षम से अधिकारी के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। वहीं से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही ठेकेदार का चयन कर काम शुरु कर दिया जाएगा।

## कांग्रेसियों की हुई बैठक, आज एनएच पर करेंगे चक्काजाम



**सक्ती।** जिला कॉंग्रेस कमेटी सक्ती की बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शराब मामले में गिरप्तारी एवं बिजली कटौती तथा जंगल को बचाने एवं प्रदेश में सरकार द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आर्थिक नाकेबंदी करने पर चर्चा हुई। कांग्रेसियों ने कहा कि जिला कॉंग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा राष्ट्रीय राज मार्ग में मंगलवार 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चक्काजाम किया जाएगा। इस बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला डिपरीपारा बिरगहनी चांपा के स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पिछले सत्र 2024 - 25 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षिका ममता यादव के द्वारा पेन कॉपी व गिफ्ट के रूप में कंपास बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार छात्रों को प्रोत्साहित करता है और उनकी मेहनत और प्रयास को मानता है। यह छात्रों को प्रेरित करता है कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कक्षा पांचवी से आर्यन पांडे दुष्यंत कश्यप, कक्षा चौथी से तृप्ति पटेल, अमृता बरेठ, कक्षा तीसरी से लीजा पटेल, जया कुमारी कक्षा दूसरी से हरी चौहान, श्रुति पटेल कक्षा पहली से विवेक पटेल, लकी कुमार को सम्मान किया गया।

## 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने की मांग



**बिर्रा।** विगत 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने के संबंध में सोमवार 21 जुलाई को ओबीसी महासभा जिला इकाई सक्ती के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर हर माह की भांति जुलाई माह का ज्ञापन राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री तथा अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम जैजैपुर तहसीलदार को सौंपा गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधायक पारित कर राज्य पाल के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था जो आज भी राज्य भवन में अटका हुआ है। ज्ञापन सौंपने वालों में खेमराज कश्यप जिला अध्यक्ष, अमृता वैष्णव जिला प्रभारी, छत राम यादव, जिला कोषाध्यक्ष, विकास सोनी, खेमबाई साहू, इन्दल सिंह श्रीवास, धनेश कश्यप, सोमनाथ बरेठ, भुनेश्वर श्रीवास, सुरेश श्रीवास उपस्थित थे।

### सुबह से पूजा-अर्चना के अलावा जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का चलता रहा दौर

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले सहित अंचल के शिव मंदिरों में सावन मास के दूसरे सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खरौद, पीथमपुर, नवागढ़, तुर्रीधाम सहित अन्य शिवालयों में तड़के 4 बजे से लेकर दोपहर तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के अलावा जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का दौर चलता रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालु की भीड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है। सोमवार को भगवान शिव का वार माना जाता है। ऐसे में श्रावण मास के सोमवार को भगवान शिव के दुग्धाभिषेक या जलाभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना को अत्यंत फलदायी माना जाता है। 21 जुलाई को श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर जिला मुख्यालय जांजगीर के सेंधरवार महादेव, नहरिया बाबा मार्ग स्थित शिव मंदिर के अलावा, चांपा नगर के विभिन्न शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम पीथमपुर के भगवान कलेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने तड़के से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं विषेशकर महिलाओं का तांता लगा रहा। इसी तरह लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, सक्ती के तुर्रीधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा की। इस दौरान भक्त अपने हाथों बेलपत्र, चॉवल, घतुरा फूल, नारियल समी पत्र सहित जल से भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। सावन में होने वाले सोमवारो का हिंदू धर्म और मानव जीवन में बड़ा ही महत्व है। धर्म की माने तो मां पार्वती सावन सोमवार को भोलेनाथ और वरदानी शिवजी का उपासना करती थी स्वयं शिव की प्राप्ति के लिए सावन सोमवार को शिव का उपासना करने और जलाअभिषेक करने वाले भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है, जो युवती कुंवारी अवस्था में भगवान शिव की उपासना कर जलाभिषेक करती है उनके मनचाहा वर मिलता है और शादीशुदा जनमानस को शिव की कृपा से उनके जीवन में भी धन-धान्य उन्नति प्रगति बनी रहती है। व्यवस्था बनाने पुलिस के साथ मंदिर प्रशासन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे रहे। धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए विशेष माने जाने वाला सावन का पावन महीना 11 जुलाई से शुरू हुआ है जो रक्षाबंधन तक चलेगा। इस वर्ष सावन माह में चार सोमवार पड़ रहा है। सावन में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं भगवान भोलेशंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती है। कई श्रद्धालु पूरे माहभर दाड़ी व बाल कटिंग नहीं कराते है तो मांस-मदिरा के सेवन से भी लोग बचते है।



लिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास एवं दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की कतार।

### लिंगेश्वर महादेव मंदिर में राजेश्री ने किया जलाभिषेक

**नवागढ़।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को लिंगेश्वर महादेव मंदिर का दर्शन करने राजेश्री मंहत रामसुंदर दास अपने साथियों सहित नवागढ़ पहुंचे। उन्होंने लिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिये सुख समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर ठाकुर प्रमोद सिंह, कमलेश सिंह बाबा, निर्मलदास वैष्णव, जगदीश यादव, राम खिलावन तिवारी, संतोष साहू, तेरस साहू, दिलदार खान, बसंत सिंह पवार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### तड़के 4 बजे से ही पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु

**खरौद।** सावन के दूसरे सोमवार पर छत्तीसगढ़ की कांशी के नाम से विख्यात भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव की नगरी में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना हुई। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान शंकर को दूध, पंचामृत, गंगाजल, बेलपत्र, नारियल अर्पित किया गया। लक्ष्मणेश्वर धाम में सुबह से ही भक्त महानदी से जल भर कर शिवलिंग के पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने लगे थे। इंदल देव सेवा समिति के द्वारा लक्ष्मेश्वर चौक खरौद में श्रावण रविवार को बाहर से आए हुए समस्त कावड़ यात्रियों भक्त जनों को सौरा धर्मशाला लक्ष्मणेश्वर चौक में निःशुल्क भोजन प्रसाद व रुकने की व्यवस्था की गई। सुबह से ही शिव मंदिर में भक्तों की कतारें लगी हुई थी।



शिवालयों में बम भोले का उद्घोष सुनाई दे रहा था। लक्ष्मणेश्वर मंदिर में विशेष आरती श्रृंगार किया गया। शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लग गया। सुबह से ही श्रद्धालु खरौद के स्वंयभू लक्ष्मणेश्वर मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उन्हें जल अर्पित कर रहे हैं। मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे ही खोल दिए गए थे। आसपास के मंदिरों में सावन के दूसरे सोमवार का उत्साह शिव भक्तों में देखा गया। भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए मंदिरों के बाहर लोगों की कतारें लगी हुई थी। श्रद्धालु की भीड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

### श्रद्धालुओं की सुख, शांति और समृद्धि की कामना

**तुस्मा।** भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव मंदिर में महामंडलेश्वर महंत राम सुंदर दास महाराज ने पहुंचकर विधिवत पूजन अर्चन किया और बाबा लिंगेश्वर के दर्शन कर ग्रामवासियों व जिले के समस्त श्रद्धालुओं की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की। राजेश्री ने अपने संदेश में कहा कि भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव, जिन्हें जोतगीर बाबा के नाम से भी जाना जाता है यह जनमानस की आस्था का प्रमुख केंद्र हैं। यह शिवलिंग स्वयं भू है और मान्यता है कि यह शिवलिंग स्वयं पृथ्वी को फोड़कर प्रकट हुआ था, इसी कारण इसे 'भूफोड़ लिंगेश्वर' कहा जाता है। यहां भक्तों की सच्चे मन से की गई हर प्रार्थना और मनोकामना पूर्ण होती है। हर साल सावन के महीने में इस मंदिर में विशेष आयोजन होता है, सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज के गांवों और महानदी से पवित्र जल भरकर पदयात्रा करते हुए यहां जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इस अवसर पर कमलेश सिंह बाबा, निर्मल दास वैष्णव, दिनेश साहू, सुष्मिता तरुण साहू, सरपंच शिव साहू, भुवन दास वैष्णव, जीवनलाल कुंभकार, शत्रुहन दास वैष्णव,सरिता साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय सब-जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** भिलाई के अग्रसेन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर अंडर-15 फ़ीडे रेटड शतरंज प्रतियोगिता 17 से 20 जुलाई को संपन्न हुई। जांजगीर-चांपा जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में किड्स प्रमोट चेस अकादमी की होनहार खिलाड़ी आमंदी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंटरनेशनल चेस डे के मौके पर मिली यह उपलब्धि जिले के लिए एक खास उपहार साबित हुई। वहीं प्रथम राठौर एवं वेदांश यादव ने इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी को ड्रा पर रोककर सबको अचंभित किया। चार दिवसीय चेस टूनामेंट में प्रथम राठौर – 5.5 अंक, वेदांश यादव – 5 अंक, प्रखर पटेल – 4.5 अंक, रिमझिम केवट – 3.5 अंक, अनुषा खांडे – 3 अंक, अन्वेषा राठौर – 3 अंक, चैतन्य – 2.5 अंक, आमंदी साय – 2 अंक (अंडर-7 गर्ल्स कैटेगरी – द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, सूझबूझ और समर्पण के साथ खेलते हुए राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष श्री देवेंद्र राठौर, देवेंद्र यादव, गिरधर गोपाल, श्रीमती जयंती यादव सहित खेल संघ पदाधिकारी एवं शतरंज प्रेमियों, कोच और खेल जगत से जुड़े सभी लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कोटगढ़ में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं न होने देने की ली शपथ

ग्राम पंचायत कोटगढ़ की ग्राम सभा बैठक में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा इस निर्णय के माध्यम से ग्राम को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

बैठक में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ ली तथा इसके रोकथाम के लिए आगामी कार्ययोजना भी तैयार की गई। ग्राम सभा की बैठक सरपंच छोटेलाल रामचरण कंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत में यदि लड़का या लड़की की आयु कानूनी मानक (लड़कों के लिए 21 वर्ष, लड़कियों के लिए 18 वर्ष) से कम होगी तो ग्राम पंचायत स्वयं संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगी। साथ ही, सभी वार्ड पंच अपने-अपने वार्ड एवं मोहल्लों की निगरानी करेंगे, जिससे कोई भी बाल विवाह छुपकर न हो सके। यह निर्णय कलेक्टर जन्मेजय मोहबे के निर्देशन में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त जांजगीर अभियान के तहत लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ तथा युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम के सहयोग से बाल विवाह उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बाल विवाह के दुष्परिणामों पर सामाजिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम तथा अनुविभागीय अधिकारी विक्रांत आंचल के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में संवाद लगातार किया जा रहा है।



बाल विवाह न करने शपथ लेते लोग।

## दूसरे सोमवार पर शिवभक्तों ने खीर-पूड़ी प्रसाद किया वितरण

**डभरा।** सावन माह के दूसरे सोमवार को चंद्रपुर से लगे डभरा विकासखंड के ग्राम कांसा में शिवभक्तों ने गांव के बाजारपारा तालाब के पास स्थित पुराने शिव मंदिर में खीर-पूड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह होते ही शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। कार्यक्रम में गांव की सरपंच जयंती प्रेमचंद चंद्रा ने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव को खीर-पूड़ी का प्रसाद अर्पित किया और इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण शुरू किया गया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने एकजुट होकर शिव मंदिर परिसर में साफ-सफाई से लेकर प्रसाद बनाने और वितरण तक की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर सरपंच जयंती चंद्रा ने कहा गांव में ऐसे धार्मिक आयोजनों से लोगों में आपसी एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। प्रसाद वितरण में प्रेमचंद चंद्रा, विजय साहू, रोशन बरेठ, दुष्यंत साहू, बंदु साहू, रूपेंद्र चंद्रा (गोटिया), उत्तम बरेठ (सोनू), शत्रुघ्न सोने, नीलमणि निषाद, मनीष चंद्रा धीरज साहू खुलु महराज एवं नीलमणि बरेठ (पत्रकार) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बनाए रखा।



## 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

सक्ती जिले के हसौद में आयोजित होने वाली चार दिवसीय 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। आयोजक समिति के सदस्यों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों से मुलाकात कर इस आयोजन में शामिल होने उन्हें आमंत्रित किया है।

मां महामाया की पावन नगरी हसौद में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चार दिवसीय 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित होने वाली है। आयोजक समिति के सदस्यगण इस महायज्ञ को सफल बनाने तैयारी में जुट गए हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री रामविचार नेताम समेत कई मंत्रियों से मुलाकात कर श्रीफल, आमंत्रण कार्ड, मंत्र चादर भेंट कर सभी को हसौद में आयोजित होने वाली इस महायज्ञ में शामिल होने आमंत्रित किया। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों ने आयोजक समिति के सदस्यों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और आयोजन में शामिल होने उन्हें आश्वासन दिया हैं। आमंत्रण के दौरान गायत्री परिवार के परिजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, डॉक्टर कैलाश साहू, जितेंद्र साहू, भोग सिंह सिदार, अशोक आदित्य, कृष्णा जायसवाल शामिल रहे।



मुख्यमंत्री को श्रीफल एवं आमंत्रण कार्ड देते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, जुआ व मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत हसौद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्राम देवरघटा में छापामार कार्रवाई करते हुए तीन महिलाओं को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 23 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है।

हसौद पुलिस की टीम नें वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार 20 जुलाई को ये कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम देवरघटा में तीन अलग-अलग स्थानों पर महिलाएं अपने घर के सामने गली में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष कुंवर को अवगत कराते हुए उनके दिशा-निर्देश पर रेड की कार्रवाई की गई। हसौद थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में संतोषी बंजारे पति पीताम्बर बंजारे उम्र 45 वर्ष के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब, फोहारा बाई पति डिहीराम सतनामी उम्र 59 वर्ष के कब्जे से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा मालती बंजारे पति डेरिहा बंजारे उम्र 59 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक नंदूराम साहू, संजय शर्मा, आरक्षक घनश्याम पाण्डेय, शिवगोपाल रात्रे, महिला आरक्षक प्रतिभा मिरी एवं गुरबारी दिनेश की सक्रिय भूमिका रही।



पुलिस के साथ गिरफ्तार महिलाएं एवं जब्त शराब।

### भाजपा ने पत्रकार वार्ता में जारी किए कोयला आबंटन और पेड़ों की कटाई के कई दस्तावेज

# भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही कांग्रेस : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

ये बातें सोमवार 21 जुलाई को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कही। उन्होंने कहा कि पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है। साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। पत्रकार वार्ता मे जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़ेवाल, जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, विवेका गोपाल, पंकज अग्रवाल, अभिमन्यु राठौर, मोहन यादव उपस्थित थे



भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल एवं अन्य।

